Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-02-2006

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

Title : Need to improve the Cell – One mobile service of BSNL in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं। मैं आपका ध्यान बिहार में बीएसएनएल की स्थिति की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। जैसा अभी माननीय सदस्य ने चर्चा की, मैं उस संदर्भ में आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। बिहार में बीएसएनएल बिलकुल ठप्प पड़ी हुई है। खास तौर से उसका जो सेल वन सिस्टम है, वह काम ही नहीं करता है। आप एक बार नहीं बीस बार प्रयास करें, परन्तु आपका नम्बर नहीं लगता है। मैं समझता हूं कि हमारा संसदीय क्षेत्र पटना ही नहीं, पूरे बिहार में और जैसा कि माननीय सदस्यों ने कहा पूरे देश में इसकी व्यवस्था कुछ गड़बड़ा गई है। हमें समझ नहीं आता कि क्या वजह है कि बीएसएनएल का मोबाइल काम नहीं करता है, मगर वहीं प्राइवेट मोबाइल काम कर रहे हैं, जबकि बीएसएनएल वाले प्राइवेट कम्पनी को लाइसेंस देते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय :आप क्या चाहते हैं, वह बताइए।

श्री राम कृपाल यादव : सरकार यहां बैठी है और सुन भी रही होगी। मैंने व्यक्तिगत रूप से माननीय मंत्री जी से निवेदन किया था, माननीय राज्य मंत्री हमारे राज्य से हैं, उनका ध्यान आकर्षित किया था कि लोगों की समस्याओं का समाधान हो। अभी भी सबसे पहले लोग बीएसएनएल के मोबाइल को प्राथमिकता देते हैं, सेलवन को प्राथमिकता देते हैं, अगर बीएसएनएल का यही रवैया रहा तो लोग बीएसएनएल का फोन वापिस कर देंगे। बिहार में, पटना में वह फोन वापिस करके प्राइवेट मोबाइल ले रहे हैं, चाहे एयरटेल का मोबाइल हो, रिलायंस का मोबाइल हो, या दूसरी कंपनियों का हों। आज मोबाइल फोन में प्रतियोगिता बढ़ गई है। वास्तव में इससे क्षति तो सरकार की हो रही है। मोबाइल के बिल नियमित रूप से नहीं आते हैं और आते भी हैं तो अनाप-शनाप बिल आते हैं। इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि जनता की समस्या को देखते हुए पटना सहित बिहार सहित देश के अन्य भागों में बीएसएनएल की और मोबाइल सेलवन की दुर्दशा हो गई है, उसे ठीक करके लोगों को राहत पहुंचाई जाए। माननीय संसदीय कार्य मंत्री महोदय यहां बैठे हैं। मुझे लगता है कि वे हमारी बातों का संज्ञान नहीं ले पाएं हैं। हम जनता की कितनी बड़ी समस्या को उठा रहे हैं और मंत्री जी का हमारी बातों की तरफ ध्यान ही नहीं जा रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय :मंत्री जी आपकी बात सुन रहे हैं।

श्री राम कृपाल यादव : महोदय, आप भी सेलवन इस्तेमाल करते होंगे। आम तौर पर कई माननीय सदस्य सेलवन मोबाइल इस्तेमाल करते हैं। मैं निवेदन करूंगा कि मंत्री जी हमें संरक्षण दें और सरकार को निर्देश दें कि यथाशीघ्र कार्यवाही करे और पटना, बिहार सहित देश में बीएसएनएल सेलवन की दुर्दशा है, उसे ठीक कराएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।